विषय :—निलम्बित कर्मचारियों/अधिकारियों के मामलों में शीघ्र निपटान करने हेतु ।

---

क्या सभी प्रशासकीय सचिव, हरियाणा सरकार, कृपा उपरोक्त विषय पर मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के अर्ध-सरकारी पत्र क्रमांक 33/17/79-जी0एस0-1 दिनांक 13-7-79 की ओर ध्यान देंगे ?

2. उन द्वारा विभागों में निलम्बित कर्मचारियों/अधिकारियों की पहली त्रैमासिक रिपोर्ट निर्धारित प्रोफार्मा में संयुक्त सचिव, हरियाणा सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग को 31-7-79 तक भेजी जानी थी । संलग्न सूची (अनुबन्धए), में दिखाये गये विभागों से यह रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई । संबन्धित विभागाध्यक्षों को निदेश दिये जाएं कि वह आपेक्षित रिपोर्ट प्रशासकीय सचिवों के माध्यम से इस विभाग को बिना और विलम्ब भेजें ।

3. जिन विभागों से आपेक्षित रिपोर्ट प्राप्त हो गई है, उनका संक्षेप में विवरण संलग्न सूचियों (अनुबन्ध सी) तथा इस के साथ भेजे जा रहे abstract में दिया गया है ।

अवर सचिव, सामान्य प्रशासन,
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

सेवा में

हरियाणा सरकार के सभी प्रशासकीय सचिव,
(नाम से)